विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2017/1443 दिनांक : 21-7-2017

—:: अधिसूचना ::—

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम प्रथम एवं द्वितीय प्रोफ. पूरक परीक्षा (ओल्ड सिलेबस) प्रथम एवं द्वितीय प्रोफ. पूरक परीक्षा (नवीन सिलेबस) तृतीय प्रोफ. मुख्य एवं पूरक परीक्षा की आगामी आयोजित होने वाली परीक्षा के परीक्षार्थियों से ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन पत्र जमा करवाये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है -(**ऑफ लाइन के माध्यम से किसी भी प्रकार परीक्षा आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे**)

अ) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"22 जुलाई, 2017 से 26 जुलाई 2017 तक"

ब) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"27 जुलाई, 2017 से 29 जुलाई, 2017 तक"

स) **विलम्ब शुल्क रूपये 750/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने तिथि -**
"30 जुलाई, 2017 से 31 जुलाई, 2017 तक"

द) **विशेष विलम्ब शुल्क रूपये 2000/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने तिथि -**
"01 अगस्त, 2017 से परीक्षा प्रारंभ होने के 5 दिवस पूर्व तक"

(1) **प्रत्येक घोषित समाप्ति तिथि से 05 दिवस में परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में प्रेषित करें।**

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी निर्देश :-

1) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि, प्रत्येक घोषित तिथि समाप्त होने के 05 दिवस के अंदर परीक्षा आवेदन-पत्र मय नामिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन-पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रह जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

2) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन-पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/- प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र संग्रहित करेगा। इस राशि में विश्वविद्यालय का अंश रू. 10/- प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

3) विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन-पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 100/- तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 75/- संबंधित महाविद्यालय में जमा करेगें।

4) परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे। मुद्रित परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने वाले विद्यार्थी परीक्षा शुल्क चालान के द्वारा निर्धारित बैंक में जमा करेंगे।

5) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन-पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

06) **आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि क पश्चात पाँच (05) दिवस के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/- (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।**

आदेशानुसार,

उपकुलसचिव (परीक्षा)

क्रमांक/परीक्षा/2017/ 1544 **दिनांक : 21-7-17**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

01. निदेशक/प्राचार्य, संबंधित संस्थान/महाविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निजि सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)